कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)

मेयर इन काउंसिल की बैठक 25.04.2016

प्रस्ताव क. (337)

विषयः— नगर पालिक निगम के जोन में स्थित वार्डों के जनसुविधा के दृष्टिकोण से पुनर्गठन के संबंध में।

मेयर इन काउंसिल की पूर्व बैठक में चर्चा के दौरान यह तथ्य सामने आया कि निगम क्षेत्र की कई वार्ड वर्तमान में जिस जोन में स्थित हैं के जोन कार्यालय से काफी दूर में स्थित है। जिस कारण वार्ड के नागरिकों को विभिन्न कार्यों हेतु काफी दूरी पर स्थित जोन कार्यालय में जाना पड़ता है। जिस कारण वार्ड के नागरिकों को काफी असुविधा होती है। आम नागरिकों को सुविधा उपलब्ध कराने हेतु वार्डों को एक जोन से पृथक कर दूसरे जोन जिसका जोन कार्यालय वार्ड के समीप में है जोड़ा जाना उचित होगा। इस संबंध में नगर पालिक निगम कोरबा के 06 जोन में स्थित वार्डों की सूची तैयार कर नस्ती में अवलोकनार्थ संलग्न किया गया है।

प्राप्त निर्देशानुसार नगर पालिक निगम कोरबा के 06 जोन में स्थित वार्डों की सूची तैयार कर जोन के पुनर्गठन हेतु नस्ती मेयर इन काउंसिल के समक्ष विचारार्थ एवं निर्णय हेतु प्रस्तुत है।

निर्णय दिनांक 25.04.2016

प्रस्तुत प्रस्ताव पर चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से आम नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए निम्नानुसार वार्डों को विभिन्न जोनों में सम्मिलित कर पुनर्गठन का निर्णय लिया जाता है :—

1. वार्ड क. 16 को दर्री जोन के स्थान पर टी.पी.नगर जोन में सम्मिलित किया जाये।
2. वार्ड क. 26 एवं 27 को टी.पी.नगर जोन के स्थान पर कोसाबाड़ी जोन में सम्मिलित किया जावें।
3. वार्ड क. 42 को दर्री जोन के स्थान पर बालको जोन में सम्मिलित किया जावें।

Renu Agrawal

महापौर
नगर पालिक निगम,
कोरबा (छत्तीसगढ़)

निगम सचिव
नगर पालिक निगम,
कोरबा (छत्तीसगढ़)